# झोली भर देते हैं | By Kavita Shobhu |

जो भक्तों के संग रहते हैं,
उन्हें श्री बालाजी कहते हैं।
कोई जाकर देखे इस दर पे,
सबकी झोली भर देते हैं॥

दर पे आके जो माँगे हैं,
उनके भरे ख़ज़ाने।
किसी चीज़ की कमी नहीं,
जो बालाजी को माने॥
कोई जाकर देखे इस दर पे,
सबकी झोली भर देते हैं॥

बाबा के जो गुण गाते हैं,
उन्हें भूत-प्रेत न सताए।
मनोकामना पूरी हो जो,
सवामणी भोग लगाए॥
कोई जाकर देखे इस दर पे,
सबकी झोली भर देते हैं॥

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9d%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%ad%e0%a4%b0-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-kavita-shobhu/